6184 एव/6-यू०-4-05 संख्या-993/43-2-2005

प्रेषक,

गिरिराज शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

8-3

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 19 अक्टूबर, 2005

विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत शुल्क के संबंध में ।

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 दिनांक 12-10-2005 से लागू हो गया है, जिसकी प्रति आपको पूर्व में प्रेषित करते हुए अधिनियम के प्राविधानों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया जा चुका है ।

2- अधिनियम की धारा 6(1) में यह प्राविधान है कि कोई भी व्यक्ति जो सूचना प्राप्त करना चाहता है, लिखित आवेदन पत्र देगा व ऐसा शुल्क देगा जो निर्धारित किया गया हो ।

3- अधिनियम की धारा 27(2) में सरकार द्वारा लिए जाने वाले शुल्क के निर्धारण का प्राविधान है जिस हेतु नियमावली बनाये जाने की कार्यवाही प्रचलित है ।

4- उपरोक्त प्राविधानों के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 27 (2)(बी)(सी) के अन्तर्गत निम्नलिखित रूप से शुल्क निर्धारित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें :-

(1) अधिनियम की धारा 6 की उपधारा-1 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु (गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करनेवाले व्यक्ति से कोई शुल्क नहीं ली जायेगी जिसके लिए उसे प्रमाण पत्र देना होगा)	रु० 10-00 (प्रति आवेदन पत्र)
(2) किसी अभिलेख की प्रतिलिपि हेतु (ए-4) या (ए-3) साइज पेपर पर प्रतिलिपि	रु० 2 -00 (प्रतिपृष्ठ)
(3) लार्जर साइज के पेपर पर प्रतिलिपि हेतु	(वास्तविक लागत मूल्य)
(4) सैम्पल्स अथवा माडल्स के लिए उनका वास्तविक मूल्य और जहां सूचना छपी मूल्य से संबंधित है वहां निर्धारित छपा मूल्य	

मा० अ० | 3 (ना)
श्री [illegible]
9.11.05

---2/

15। अभिलेखों का निरीक्षण प्रथम घण्टा उसके बाद प्रत्येक 15 मिनट की अवधि के लिए	रू0 10-00 रू0 5-00
16। डिस्केट या फ्लापी या कम्पैक्ट डिस्क द्वारा सूचना प्राप्त करने पर	रू0 50-00 ।प्रत्येक।
17। प्रिंटेड सामग्री की सूचना हेतु ऐसे प्रिंटेड सामग्री की प्रकाशक की नियत दर पर	
18। प्रकाशित सामग्री के उद्धरण की प्रतिपृष्ठ फोटोकापी के लिए	रू0 2-00 ।प्रतिपृष्ठ।

5- उपरोक्तानुसार निर्धारित शुल्क नकद अथवा संबंधित लोक प्राधिकारी को देय डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चेक से लिया जा सकेगा तथा प्रत्यावेदन कर्ता को शुल्क रसीद प्रदान की जायेगी ।

6- कृपया अपने अधीन सभी विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें । मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी अपने मण्डल एवं जनपद के सभी कार्यालयों को अपने स्तर से भी अवगत करा देंवें व निर्दिष्ट कर देंवें कि कार्यालयाध्यक्ष अपने अधीन सभी जन सूचनाअधिकारियों को इन आदेशों से अवगत करा देंवें ।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0प0सं0- ई-9-542/दस-05 दिनांक 19-x-05 के अनुसार निर्गत किया जा रहा है ।

भवदीय,

गिरिराज शर्मा
प्रमुख सचिव ।

संख्या-993 ।।।/43-2-2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रे

1- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 शासन ।

आज्ञा से,
Navtej Singh

। नवतेज सिंह
सचिव ।